हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 27 दिसंबर 2025

06 भिलायां आंगनबाड़ी केन्द्र पर वीर बाल दिवस...



08 शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल, जाम से अवाम...





## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार आज सिरोंज जाएंगे

**विदिशा।** मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नारायणसिंह पवार शनिवार को सिरोंज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यमंत्री श्री पवार सुबह 10 बजे ब्यावरा से रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे सिरोंज में अनंत श्री गार्डन में आयोजित जर्नलिस्ट यूनियन आफ मध्यप्रदेश के राज्य स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार दोपहर 2 बजे सिरोंज से ब्यावरा के लिए रवाना होंगे।

### स्टाम्प वेंडरों को अब लगानी होगी रेट लिस्ट

**विदिशा।** शमशाबाद एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने स्टाम्प वेंडरों के स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश दुकानों पर शासन द्वारा निर्धारित दर सूची चस्पा नहीं पाई गई, जो नियमों का उल्लंघन है। इस पर एसडीएम पटेल ने संबंधित स्टाम्प वेंडरों को तत्काल अपनी-अपनी दुकानों पर स्पष्ट एवं प्रमुख स्थान पर रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेट लिस्ट चस्पा होने से पारदर्शिता बनी रहती है और आम नागरिकों को सही जानकारी मिलती है। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में पुनः निरीक्षण के दौरान निर्देशों का पालन न होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### व्यवसाय की तरह करें दुग्ध उत्पादनः प्रभारी मंत्री

**विदिशा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने अल्प प्रवास के दौरान ग्राम अंडिया कलां में



दुग्ध व्यवसायी प्रेम सिंह दांगी से मुलाकात कर दुग्ध उत्पादन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसान दुग्ध उत्पादन को व्यवसायिक दृष्टिकोण से संचालित करें, क्योंकि विदिशा जिले में इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। प्रभारी मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार गौवंश के लिए चारा प्रबंधन पर विशेष पहल कर रही है और शीघ्र ही गौशालाओं में सायलेज आधारित चारा व्यवस्था लागू की जाएगी। उन्होंने दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए पौष्टिक आहार व सायलेज के उपयोग पर जोर दिया तथा लागत, उत्पादन और विक्रय दरों की जानकारी ली।

### शिक्षा नवाचारों की पहल से विदिशा बना उदाहरण

**विदिशा।** विदिशा शहर में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कई नवाचारी पायलट प्रोजेक्ट्स शुरू किए गए हैं। फाइलो संस्था द्वारा विद्यार्थियों को 24×7 विषय विशेषज्ञ ट्यूटर की सुविधा दी जा रही है, जिससे पढ़ाई की कठिनाइयों का त्वरित समाधान हो सके। कोड योगी संस्था बच्चों को कंप्यूटर साइंस व कोडिंग का प्रारंभिक ज्ञान देकर तकनीकी सोच विकसित कर रही है। वहीं देवी संस्थान कक्षा 1 से 5 तक एफएलएन आधारित प्रभावी शिक्षण तकनीकें लागू कर रहा है। एक साथ इतने नवाचार शुरू करने वाला विदिशा प्रदेश का एकमात्र जिला बनकर अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना है।

### पीएमईजीपी जागरूकता शिविर आयोजित किया

**विदिशा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, विदिशा में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, मप्र खादी बोर्ड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में पीएमईजीपी योजना को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। शिविर में लीड बैंक प्रबंधक बीएस बघेल ने युवाओं को उद्योग स्थापना, अनुदान, ऋण प्रक्रिया व ऑनलाइन आवेदन की जानकारी दी। साथ ही वित्तीय साक्षरता, डिजिटल बैंकिंग एवं सरकारी बीमा योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। युवाओं से स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया।

---

## विदिशा आए मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो और उन्नाव के सांसद और महामंडलेश्वर साक्षी महाराज ने धर्मांतरण पर दिया बड़ा बयान

## धर्मांतरण मामलाः धर्म परिवर्तन पर आरक्षण का लाभ समाप्त होना चाहिएः कानूनगो

### दोषियों पर कार्रवाई के लिए प्रशासन, पुलिस को जारी किए जाएंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

दो दिन पहले धर्मांतरण की कोशिश के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सदस्य प्रियंका कानूनगो ने कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार दोपहर 2 बजे विदिशा पहुंचे प्रियंक कानूनगो ने कहा कि धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्तियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

इस संदर्भ में मीडिया से चर्चा करते हुए मानवाधिकार आयोग सदस्य प्रियंका कानूनगो ने कहा कि सरकार द्वारा इस तरह के मामलों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यदि कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर दूसरे धर्म में जाता है और फिर भी आरक्षण का लाभ लेता है तो उसकी आरक्षण संबंधी सभी सुविधाएं समाप्त कर दी जाएंगी। यह प्रावधान कानून में स्पष्ट रूप से दर्ज है। उन्होंने यह भी बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन और पुलिस को आवश्यक कार्रवाई



के लिए नोटिस जारी किया गया है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

गौरतलब है कि गुरुवार को एक निजी होटल में क्रिसमस पार्टी के दौरान आरक्षित वर्ग की महिलाओं एवं पुरुषों से ईसाई धर्म से जुड़े कार्य कराए जाने तथा भोजन व केक के बहाने धर्मांतरण कराए जाने का आरोप सामने आए थे।

## धर्मांतरण एक बीमारी है, जिसकी जड़ कांग्रेस, नेहरू व जिन्ना की सत्ता की हवस ने देश का बंटवारा कराया

### साक्षी महाराज ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35ए हटाने को ऐतिहासिक कदम बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

उत्तरप्रदेश के उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज शुक्रवार को विदिशा आए। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति, सुरक्षा, धर्मांतरण, घुसपैठ, देश के बंटवारे और विपक्ष की भूमिका को लेकर खुलकर बयान दिए।

मीडिया से बात करते हुए सांसद साक्षी महाराज ने धर्मांतरण को एक बीमारी बताया और कहा कि यह बहुत पुरानी है, जिसकी जड़ कांग्रेस से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि यह बीमारी कांग्रेस ने पैदा की। आज भी इसके दुष्परिणाम देश झेल रहा है। साक्षी महाराज ने कहा कि जब देश की आजादी की लड़ाई लड़ी गई, तब हिंदू और मुसलमान दोनों ने मिलकर



संघर्ष किया था। उन्होंने कहा कि अगर फैजाबाद की जेल में पंडित बिस्मिल फांसी के फंदे पर झूले थे तो अशफाकउल्ला भी उसी जेल में फांसी के फंदे पर झूले थे। लेकिन नेहरू और मोहम्मद अली जिन्ना की प्रधानमंत्री बनने की हवस ने देश का बंटवारा कर दिया और शहीदों के अरमानों पर पानी फेर दिया।

### वाल्मीकि समाज पर धर्म परिवर्तन के आरोप निराधारः सुभाष बोहत

**विदिशा।** बायपास पर एक होटल में क्रिसमस पर वाल्मीकि समाज के लोगों धर्म परिवर्तन के आरोपों को लेकर एडवोकेट सुभाष बोहत ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज पर इस प्रकार के आरोप लगाना न केवल अनुचित है बल्कि समाज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक निष्ठा पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि वाल्मीकि समाज ने मुगल शासन काल जैसे कठिन दौर में भी कभी धर्म परिवर्तन नहीं किया। उन्होंने कहा वाल्मीकि समाज किसी भी प्रकार के लालच या प्रलोभन में आकर धर्म परिवर्तन नहीं कर सकता।

---

### संगठन के हस्तक्षेप से भाजपा नेता एवं नपाध्यक्ष पहुंचे और धरना 45वें दिन समाप्त हो सका

## डेढ़ माह बाद पार्षदों का धरना समाप्त

**दबाव के चलते भाजपा के पार्षदों की संख्या धरना स्थल पर कभी घटती रही तो कभी बढ़ती रही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ठीक डेढ़ माह पहले 12 नबंवर को अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे पार्षदों के आंदोलन पर शुक्रवार को 45वे दिन विराम लग सका।

नीमताल गांधी प्रतिमा पर धरना प्रदर्शन कर रहे पार्षदों का विधिवत तरीके से धरना खत्म करवाने के लिए नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा और नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर धरनास्थल पहुंचे। पूर्व विधायक शशांक भार्गव और जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमेन श्यामसुंदर शर्मा सहित पूर्व नपाध्यक्ष ज्योति शाह भी गांधी प्रतिमा पर पहुंचे। इन सभी वरिष्ठ नेताओं की मध्यस्थता से पार्षदों को उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन देकर मनाया गया। इन सभी के पहुंचने के पहले राष्ट्रीय मानव अधिकारी आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो भी गांधी प्रतिमा पर पहुंचे और धरनास्थल पर पार्षदों के बीच बैठकर चर्चा की।

धरनास्थल पहुंचे नपाध्यक्ष और नपा सीएमओ ने पार्षदों की मांग अनुरूप सड़कों का निर्माण कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराने की बात रखी। तय हुआ है कि अति शीघ्र ही शहर की मुख्य सड़क का निर्माण कार्य चालू कर दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य सभी मांगों को नगरपालिका परिषद द्वारा गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया गया है। नपा सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने कहा कि जनहित और विकास कार्यों की मांगों पर तुरंत प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। धरना देने वालों में प्रमुख रूप से शामिल पार्षद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सक्सेना, अशोक जाट, जमना कुशवाह, सतीश यादव, राजेश लोधी सहित दीपक कुशवाह ने धरना समाप्त किया। इनके साथ गोवर्धन साहू, डॉ संतोष जैन, प्रमोद शर्मा, प्रशांत रघुवंशी भी धरने में शामिल रहे।



**विदिशा।** धरनास्थल पर नपाध्यक्ष सहित भाजपा के नेता एकजुट दिखाई दिए।

### पार्षदों का समर्थन कभी बढ़ा तो कभी घटा

धरना पर बैठे पार्षदों को समर्थन देते हुए कांग्रेसी पार्षद भी गांधीप्रतिमा पहुंचकर धरने में शामिल भी हुए, लेकिन लंबा साथ नहीं दे सके। इसी तरह दबाव के चलते भाजपा के पार्षदों की संख्या भी कभी घटती रही तो कभी बढ़ती रही। विधायक मुकेश टंडन भी पार्षदों को मनाने के लिए धरनास्थल पर बार बार गये लेकिन बात नहीं बन सकी। धरने में शामिल होने वाले कुछ तो दबाव में आकर ऐसे गायब हुए कि वे फिर कभी नजर ही नहीं आए। इसी तरह नेताओं का आना जाना लगा रहा लेकिन उक्त आधा दर्जन पार्षद धरने पर डटे रहे।

### संगठन के दखल से धरने पर लगा विराम

अंदरूनी खबर तो यह है कि संगठन के विभागस्तर के पदाधिकारी के हस्तक्षेप से पार्षदों के धरने पर विराम लग सका है। क्योंकि यह तो सार्वजनिक ही हो चुका है कि नाराज पार्षदों को मनाने में जिलास्तर के नेता पूरी तरह विफल साबित हो चुके थे। चर्चा है कि बुधवार की शाम को एक अहम बैठक हुई और वहीं धरना पर विराम लगाने की रूपरेखा तैयार की गई। इसके बाद गुरुवार को यह बात सार्वजनिक की गई और नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा और सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर की मौजूदगी में शुक्रवार को धरना खत्म किया जाएगा। धरना समापन के दौरान नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी घनश्याम बंसल, भाजपा नेता संदीप डोंगर सिंह, तेजेंदर सिंह बन्नू, नितिन माहेश्वरी, अनुराग जैन अन्नु आदि मौजूद रहे।

---

### अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ ने पुरानी कृषि मंडी में सड़क व खंभों से हादसों पर जताई चिंता

## बीच सड़क पर लगी डीपी और खंभे हटाओ, अतिक्रमण मुक्त करने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शुक्रवार को अनाज व्यापारियों ने पुरानी मंडी क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को लेकर मंडी सचिव एवं एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि पुरानी मंडी में ओवरब्रिज की थर्ड लेग की सर्विस रोड पर बीच सड़क में लगी विद्युत डीपी, एयरटेल कंपनी के खंभे तथा सड़कों की जर्जर हालत के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ओवरब्रिज के नीचे आने-जाने के लिए दो सड़कें हैं, लेकिन एक सड़क पर अतिक्रमण होने से वह लगभग 24 घंटे बंद रहती है। उक्त सड़क पर कृषि उपकरण बनाने का कार्य, अनावश्यक ऑटो खड़े रहना और खाने-पीने के ठेलों के कारण आवागमन बाधित है। समस्त यातायात एक ही सड़क से होता है। राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि हाल ही में मिर्जापुर नई मंडी में नीलामी में शामिल होने जा रहे एक अनाज व्यापारी को सड़क पर निकाली जा रही लोहे की रॉड से गंभीर चोट आई, जिससे उसकी नाक व जबड़े की हड्डी टूट गई। कुछ दिन पूर्व टूटे तारों में उलझकर गिरने से एक अन्य व्यापारी के सीने में गंभीर चोट लगी। संघ ने प्रशासन से बीच सड़क से विद्युत डीपी व खंभे हटाने, अतिक्रमण हटाने तथा सड़क-नालों की मरम्मत की मांग की है। चेतावनी दी गई कि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी नीलामी कार्य में भाग नहीं ले सकेंगे।

### दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी रिश्तेदार हुआ गिरफ्तार

**विदिशा।** थाना पठारी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में आरोपी को मात्र 4 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। 25 दिसंबर को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 5 वर्षीय बच्ची के साथ रिश्तेदार युवक ने गलत कार्य करने का प्रयास किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आदित्य अहिरवार (21) निवासी ग्राम बड़ोह को गिरफ्तार किया गया।

---

## आकस्मिक लायसेंस की फीस एवं ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

आकस्मिक आयोजनों में विदेशी मदिरा के वैध उपयोग को लेकर आबकारी आयुक्त द्वारा एफएल-5 आकस्मिक लायसेंस की फीस एवं ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में यह व्यवस्था प्रभावी रूप से क्रियान्वित की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक ने बताया कि एक दिन एवं तिथि विशेष के लिए आकस्मिक प्रयोजन से एफएल-5 लायसेंस ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा।

उन्होंने जानकारी दी कि लायसेंस फीस स्थल के प्रकार के अनुसार निर्धारित की गई है। निजी स्थल, जैसे स्वयं के निवास पर एक दिन के लिए विदेशी मदिरा उपयोग हेतु लायसेंस शुल्क 500 रुपए प्रति लायसेंस रहेगा। सार्वजनिक स्थल, जहां लॉजिंग एवं बोर्डिंग की सुविधा नहीं है, जैसे विवाह स्थल, मैरिज गार्डन एवं सामुदायिक भवन में एक दिन के लिए विदेशी मदिरा उपयोग हेतु 5 हजार रुपए प्रति लायसेंस देय होंगे। वहीं लॉजिंग एवं बोर्डिंग सुविधा वाले नियमित भोजन विक्रय केंद्रों, जैसे होटल एवं रेस्टोरेंट में तिथि विशेष पर एक दिन के लिए विदेशी मदिरा उपयोग हेतु 10 हजार रुपए प्रति लायसेंस शुल्क निर्धारित किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर मदिरा के अवैध उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध विशेष टीम का गठन किया गया है। नए वर्ष के अवसर पर विशेष अभियान चलाकर होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबों की सघन जांच की जाएगी।

---

### वीर बाल दिवस पर विदिशा में गरिमामय एवं प्रेरणादायी आयोजन

## प्रधानमंत्री के संदेश से बच्चों में जगा साहस, सत्य और राष्ट्रभक्ति का भाव



- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

वीर बाल दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह आयोजन कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रति राकेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय साहस और बलिदान को नमन करते हुए बच्चों से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति गीत, निबंध, चित्रकला, वाद-विवाद एवं ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।

---

## शिवानंद कॉलोनी के रहवासियों ने बिल्डर पर एफआईआर की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सागर बाईपास रोड स्थित शिवानंद कॉलोनी के रहवासियों ने कॉलोनाइजर की मनमानी और कथित धोखाधड़ी को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत सौंपी। रहवासियों ने कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने मांग की है।

शिकायत में बताया गया कि कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी विकसित करते समय सड़क, बिजली, स्ट्रीट लाइट, पेयजल सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया गया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी कोई सुविधा नहीं दी गई। कॉलोनी की सड़कों पर गंदा पानी भरा रहता है और पेयजल के नाम पर भी दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रहवासियों ने बताया कि एक दिन पूर्व सिविल लाइन थाने में भी कॉलोनाइजर के खिलाफ शिकायत की गई थी। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारियों को भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। मजबूर होकर रहवासियों ने एसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### मौत की निष्पक्ष जांच हो

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बोरीरामपुर निवासी मीणा परिवार ने एसपी कार्यालय पहुंचकर 22 नवंबर को हुई जितेंद्र मीणा की संदिग्ध मौत की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या की आशंका जताते हुए लिखित शिकायत दी। उनका कहना है कि उस व्यक्ति से पुरानी रंजिश थी और घटना के बाद से वह फरार है, जिससे संदेह और गहरा गया है।

### 6 अधिकारी 30 तक करेंगे मैदानी मूल्यांकन

**विदिशा।** भारत सरकार के सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंधन संस्था द्वारा संचालित स्टेट अटैच्ड ऑफिसर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार के छह अधिकारियों का दल 26 से 30 दिसंबर तक विदिशा जिले के अध्ययन भ्रमण पर पहुंचा है। इस दल में मनीष कुमार, शिवकुमार, दिनेन्द्र कुमार, वेदप्रकाश, सुशील कुमार एवं रामदास शामिल हैं।

---

## साक्षी महाराज को लेने 90 कारों का काफिला पहुंचा भोपाल रंगई मंदिर पर पूजा अर्चना कर महाराज ने दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

उत्तरप्रदेश के उन्नाव से भाजपा के वरिष्ठ सांसद साक्षी महाराज शुक्रवार को विदिशा पहुंचे।

महाराज को लेने के लिए श्री बांके बिहारी एसोसिएट्स के संचालक उमाशंकर दुबे 90 गाड़ियों का काफिला लेकर भोपाल एयरपोर्ट पहुंचे। सड़क मार्ग से होते हुए साक्षी महाराज रंगई मंदिर पहुंचे। जहां पर हनुमान जी के दर्शन और पूजा अर्चना के बाद वह उमाशंकर दुबे के साथ शहीद ज्योति स्तंभ स्थित श्री दुबे के ऑफिस पहुंचे। जहां श्री दुबे



के जन्मदिन पर उन्हे तिलक लगाकर और हार पहनाकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके बाद साक्षी महाराज खरीफाटक स्थित उमाशंकर दुबे के निवास पर भी पहुंचे। जहां परिजनों से मिले और उन्हे आशीर्वाद दिया।

### सुनील लोधी ने अयोध्या के राम की प्रतिमा भेंट की

उन्नाव से सांसद महामंडलेश्वर डॉ. हरि साक्षी महाराज का विदिशा आगमन हुआ। वह प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुनील नीतू लोधी के निवास श्री बालाजी गोल्डन सिटी पहुंचे। महाराज का डोल ढमाकों, आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। डॉ. सुनील लोधी ने महाराज को अयोध्या के श्रीराम जी की प्रतिमा भेंट की। इस दौरान महेश नरवरिया, साहब सिंह लोधी, संजय कुमार इंदौर, चंद्रपाल सिंह जादौन, सुनील वर्मा, हरिनारायण लोधी, लक्ष्मण सिंह भदोरिया, नीलेश लोधी, लक्ष्मण सिंह लोधी भोपाल मौजूद रहे।



**विदिशा।** श्री तिरुपति बालाजी रियल स्टेट कंपनी के सीएमडी डॉ. सुनील नीतू लोधी साक्षी महाराज का स्वागत करते हुए।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-5392
सरसों
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-7080
चना
न्यूनतम भाव- 3800
उच्चतम भाव- 5450
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7200
ज्वार
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-6305
मक्का
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव- 1672
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3001
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-4000
धनिया
न्यूनतम भाव-8500
उच्चतम भाव-8500
उड़द
न्यूनतम भाव-5850
उच्चतम भाव-8500
बटरी
न्यूनतम भाव-3120
उच्चतम भाव-3150
अलसी
न्यूनतम भाव-7010
उच्चतम भाव-7010
गेंहू
न्यूनतम भाव-2220
उच्चतम भाव-3651
मूंग
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2500

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 16260 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### मेला देखने बडी संख्या में पहुंचने लगे लोग



**गंजबासौदा।** नगर में पारंपरिक श्री रामलीला वार्षिक मेले का शुभारंभ होने का बाद मेला देखने बड़ी संख्या में लोगों का पहुंचना शुरू हो गया है। मेले में झूला संचालकों ने अपने झूले स्थापित कर लिए हैं और उन पर आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई है। नगर और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा ली हैं। दर्शकों के मनोरंजन के लिए मेले में 'मौत का कुआं' भी लगाया गया है, जो यहां आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले के दौरान खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 6 से 7 जनवरी तक खो-खो प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके बाद 8 से 9 जनवरी तक कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### आबकारी विभाग की टीम ने दो स्थानों पर की छापामार कार्रवाई

# अवैध शराब के साथ पूर्व पार्षद पति व एक अन्य व्यक्ति गिरफ्तार

आबकारी विभाग की कार्रवाई के दौरान शराब ठेकेदार की दो कारें और कर्मचारी पूरे समय छापामार कार्रवाई के समय रहे साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

आबकारी विभाग विदिशा की टीम ने शुक्रवार दोपहर देहात थाना क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर छापा मार कार्रवाई करते हुए लगभग 1 लाख 35 हजार रुपए की अवैध देशी और विदेशी शराब जब्त की है। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जो पूर्व पार्षद का पति है। जबकि दूसरा आरोपी फरार है। आबकारी विभाग इस मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग को नगर में लंबे समय से शराब के अवैध कारोबार की सूचनाएं मिल रही थीं। स्थानीय आबकारी अधिकारी रविशंकर धाकड ने बताया कि गत दिवस भी इसी तरह की सूचना मिलने पर शुक्रवार को अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी साधना पटेल के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम ने सबसे पहले जेल रोड स्थित नरवरिया ढाबे पर दबिश दी। जांच के दौरान वहां से देशी-विदेशी शराब की सात पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने शराब की पेटियां जब्त कर मौके से कमल सिंह नरवरिया को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद टीम ने ईदगाह मार्ग पर एक घर में बनी दुकान पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान यहां से बड़ी मात्रा में शराब की पेटियां मिलीं, जिनकी गिनती करने पर कुल 22 देशी-विदेशी शराब की पेटियां पाई गईं। इस मामले में मोनू पंथी नामक युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है, लेकिन वह अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी साधना पटेल ने बताया कि दोनों स्थानों पर की गई कार्रवाई में कुल 1 लाख 35 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त की गई है। दोनों मामलों में आबकारी एक्ट की धारा 34, 2 के तहत अलग अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आबकारी अधिकारी का कहना था कि अवैध शराब के खिलाफ ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।



गंजबासौदा। पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त की गई शराब



गंजबासौदा। आबकारी विभाग द्वारा की गई छापामार कार्रवाई

### पूर्व पार्षद पति अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**गंजबासौदा।** आबकारी विभाग ने नरवरिया ढाबे से मिली शराब के संबंध में कमल सिंह नरवरिया को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया है। मालूम हो कि वार्ड क्रमांक 20 से कमल सिंह नरवरिया की पत्नी ममता नरवरिया पूर्व में पार्षद रही हैं। साथ ही कांग्रेस से नेता प्रतिपक्ष भी रही हैं। नगर में इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब की बरामदगी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रही।

### कार्रवाई के दौरान मौजूद रही ठेकेदार की टीम

**गंजबासौदा।** आबकारी विभाग की यह कार्रवाई अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी साधना पटेल के नेतृत्व में की गई। जिसमें कुरवाई से आबकारी अधिकारी पुष्पेन्द्र ठाकुर, विदिशा वृत्त के अधिकारी संजय इवने विदिशा, गंजबासौदा के आबकारी अधिकारी रविशंकर धाकड के अलावा स्टाफ सदस्य शामिल रहे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आबकारी अमले की इस पूरी कार्रवाई के दौरान शराब ठेकेदार के कर्मचारी अपने अपने वाहनों से टीम के साथ रहे और कार्रवाई की निगरानी करते रहे।

## एसडीएम ने की स्टांप विक्रेताओं की जांच



गंजबासौदा। जांच करते एसडीएम एवं तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार दोपहर के समय एसडीएम संतोष बिटोलिया और तहसीलदार अरविंद यादव ने पुराने न्यायालय परिसर में स्टांप विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई स्टांप विक्रेताओं के रिकॉर्ड की जांच की। अधिकारियों ने स्टांप विक्रेताओं द्वारा बेचे गए स्टांपों की रिकॉर्ड एंट्री का मिलान किया। उन्होंने स्टांप विक्रेता कैलाश नारायण भावसार, रविंद्र गुर्जर, मुरारी अहिरवार और तरुण जैन की दुकानों पर पहुंचकर उनके दस्तावेजों की गहनता से जांच की। जांच के दौरान, अधिकारियों ने स्टांप विक्रेताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि आम जनता को स्टांप खरीदने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। एसडीएम ने बताया कि कलेक्टर के आदेशानुसार स्टांप वेंडरों की नियमित जांच की जा रही है। यदि कोई स्टांप विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर स्टांप बेचता पाया जाता है और इसकी शिकायत मिलती है, तो जांच के बाद संबंधित विक्रेता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भिलायां आंगनबाड़ी केन्द्र पर वीर बाल दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार को ग्राम भिलायां आंगनवाड़ी केंद्र में वीर बाल दिवस मनाया गया। जिसमें गुरु गोविंद सिंह महाराज के द्वारा अपने देश की खातिर तीनों बच्चों का बलिदान देने के विषय में बच्चों को बताया गया एवं वीर महापुरुषों की कहानी सुनाई गई और बच्चों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिला बाल विकास की पर्यवेक्षक रितु शर्मा, पंचायत सचिव सिंह विश्वकर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अभिलाषा जोशी सहित स्टॉफ मौजूद रहा।

### प्रभारी मंत्री ने व्यक्त कीं संवेदनाएं



**गंज बासौदा।** शुक्रवार को मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री एवं विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल विधायक हरिसिंह रघुवंशी के निवास पर पहुंचे। जहां उनकी स्वर्गीय माताजी कमला देवी रघुवंशी के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए शोक संवेदनाएं प्रकट कीं और दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी के भाई जसवंत सिंह रघुवंशी एवं अन्य परिजन मौजूद थे।

## स्कूटी चालक को बचाने डिवाइटर से टकराया ट्रैक्टर



गंजबासौदा। ट्रेक्टर की टक्कर से क्षतिग्रस्त डिवाइडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के बरेठ रोड पर शुक्रवार को दोपहर के समय चार खंभा गली के सामने एक ट्रैक्टर डिवाइडर से टकरा गया। यह घटना तब हुई जब ट्रैक्टर चालक एक स्कूटी सवार को बचाने की कोशिश कर रहा था। इस हादसे में डिवाइडर और ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कूटी चालक को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक ने स्टीयरिंग मोड़ी, जिससे ट्रैक्टर सीधे सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराया। यदि ट्रैक्टर किसी अन्य वाहन से टकराता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। रहवासियों ने बताया कि मिनी स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर के मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण किया गया था। आने-जाने के लिए दो-दो लेन की सीसी सड़कें बनाई गई हैं और सौंदर्याकरण के लिए डिवाइडर व स्ट्रीट लाइटें भी लगाई गई हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण के कारण फोर लेन होने के बावजूद सड़क संकीर्ण दिखाई देती है। इससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है।

### दिन में तपन और शाम से शीतलहर का बढी

**गंजबासौदा।** इन दिनों इलाके में शीतलहर के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। सुबह हल्के कोहरे के बाद धूप निकलते ही राहत महसूस होती है और दोपहर में धूप की तपन तेज हो जाती है, जबकि दोपहर ढलते ही एक बार फिर शीतलहर चलने से सर्दी का जोर बढ जाता है। ऐसे में लोगों को सर्दी से बचाव के लिए तरह तरह के जतन करना पड रहे हैं। साथ ही आग जलाकर भी सर्दी से राहत पाने की कोशिश की जा रही है।

## कॉलेज चलो अभियान के तहत दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार कॉलेज चलो अभियान के तहत शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के द्वारा शासकीय कन्या मंडी शाला एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र, छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एवं अभिषेक सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय की समिति द्वारा छात्र, छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उन्हें समय पर पंजीयन एवं प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश लेने के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। समिति के सदस्य डॉ. सबिहा मंसूरी और सुधा पाठक ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकायों कला, बीएससी (बायो), बीएससी (गणित), कंप्यूटर साइंस के साथ-साथ नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों पर भी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न विद्यार्थी हितैषी योजनाएं, कैरियर मार्गदर्शन और शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। महाविद्यालय की समिति ने छात्र, छात्राओं के द्वारा प्रवेश के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया। छात्र, छात्राओं ने इस पहल की सराहना की और प्रवेश संबंधी जानकारी उपयोगी बताई।



गंजबासौदा। विद्यार्थियों को जानकारी देते महाविद्यालयीन स्टॉफ

## हंसते-हंसते धर्म पर बलिदान हो गए गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादे: निशांत देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी एवं माय स्कूल में वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता निशांत देव ने गुरु गोविंद सिंह एवं उनके चार साहिबजादों के बलिदान के महान संस्मरण का विस्तृत वृतांत सुनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता निशांत देव ने सरस्वती जी एवं गुरु गोविंद सिंह जी एवं साहबजादों के चित्र पर माल्यार्पण करके एवं उनके समक्ष दीप प्रजवलित करके किया। इस अवसर पर वृतांत सुनाते हुए निशांत देव ने चारों साहिबजादों की वीरता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों ने धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया। गुरु पुत्र फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह के बलिदान की बात सुनकर बच्चों के रोंगटे खड़े हो गए। किस प्रकार उनको जिंदा दीवार में चुनवाया गया वह बात भी उन्होंने अपने उद्बोधन में कही। उन्होंने बताया कि हमारे देश के इतिहास में कई बातें अब तक हम सबके सामने नहीं आई हैं। आज का अवसर उन सब बातों को हमारे सामने रखने का है ताकि हम सच्चे इतिहास से अवगत हो सके। किस प्रकार 10 गुरुओं ने एवं चार साहिबजादो ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। हमें उससे प्रेरणा लेना चाहिए। अंत में विद्यालय के संचालक अखिलेश श्रीवास्तव ने आभार ज्ञापित किया एवं कहा कि सिख गुरु हम सब के गुरु हैं यह बात हम सबको पक्का कर लेना चाहिए। इस कार्यक्रम में माय स्कूल एवं सुभाष निकेतन के सभी बच्चों ने भाग लिया एवं दोनों विद्यालयों का स्टाफ उपस्थित रहा।



### कन्या महाविद्यालय की टीम पहुंची स्कूल

## विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को किया जागरुक



गंजबासौदा। विद्यार्थियों को जानकारी देता कन्या महाविद्यालय स्टॉफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

उच्च शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय की टीम द्वारा आसपास के विद्यालयों का भ्रमण किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण किया गया। इस दौरान कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जानकारी दी गई तथा उन्हें अच्छे अंक अर्जित कर महाविद्यालय में अध्ययन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी डॉ. खुमेश सिंह ठाकुर द्वारा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं नई शिक्षा नीति की जानकारी दी गई। वहीं डॉ. संजय राय ने छात्रवृत्ति योजनाओं एवं करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। मनीष कुमार सेन, सहायक प्राध्यापक (गणित) द्वारा विद्यार्थियों और अभिभावकों को महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं से अवगत कराया गया। कॉलेज चलो अभियान टीम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति, डॉ. खुमेश सिंह ठाकुर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. प्रदन्या करंदीकर, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी शिवकुमारी रघुवंशी, मनीष सेन, डॉ. संजय राय, डॉ. बृजेश वर्मा, अनुराग जैन, अनूप शर्मा एवं निखिल शर्मा आदि शामिल रहे।

## रासेयो नवांकुर इकाई का विशेष शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवांकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का वार्षिक शिविर ग्राम आजाद नगर तपोवन परिसर में लगाया गया, जिसका औपचारिक उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। शिविर की शुरुआत में स्वयंसेवकों के द्वारा शिविर परिसर स्थल और आवास व्यवस्थाओं को ठीक करने से हुई। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेठ के प्राचार्य सुनील साहू तथा अतिथि शिक्षक मलखान सिंह बघेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा शिविर का औपचारिक उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा योजना के झंडा रोहण के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश श्रीवास्तव के द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक सत्यम शर्मा और प्रिंसी रघुवंशी ने किया।



वहीं स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रिंस रैकवार और शौर्य शर्मा के द्वारा की गई। दिव्यांश सोनी ने विवेकानंद जी के प्रेरक प्रसंग को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य के साथ बखूबी तौर पर जोड़ा। वहीं स्वयंसेवक अनस ने वक्त के ऊपर शानदार स्वरचित कविता प्रस्तुत की। मोक्षा विश्वकर्मा और उनके साथियों ने तपोवन विद्यालय की विशेष प्रस्तुति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा और मेघा शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में व्याख्याता संदीप कुमार रावत केशव लाहोरी, तपोवन प्राचार्य रामबाबू पांचाल, शिवम पाठक, संध्या राजपूत, विनय सोनी उपस्थित रहे।

## मुख्य महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी, कर्मचारियों ने कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें विदिशा वृत्त के कनिष्ठ यत्रियों के निलंबन आदेशों को तत्काल निरस्त करने एवं उत्पीडन की कार्रवाई रोकने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि प्रबंधन द्वारा मैदानी परिस्थितियों को समझे बिना कनिष्ठ यंत्रियों पर एक पक्षीय कार्रवाई की जा रही है, जो अत्यंत निंदनीय है। बिना ठोस जांच के अवैधानिक तरीके से अधिकारियों को दंडित किया गया है। इन 6 कनिष्ठ यत्रियों में से आशीष कुमारे के द्वारा मानसिक रूप से प्रताडित होकर अपनी नौकरी से त्याग पत्र दे दिया गया है। कनिष्ठ एवं सहायक यंत्रियों को राजस्व वसूली के नाम पर जो कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं, उन्हे तुरंत वापस लिया जाए। कंपनी नियमानुसार राजस्व संग्रहण हेतु लाइन कर्मचारियों से लेकर महाप्रबंधक स्तर तक की जबाबदेही तय की गई है, परंतु वरिष्ठ अधिकारी अपनी कमियों को छिपाने के लिए केवल कनिष्ठ यंत्रियों पर कार्रवाई कर रहे हैं, जो कि अत्यंत निंदनीय है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगले 3 दिन में निलंबन आदेश वापस नहीं लिए जाते और नोटिसों पर कार्रवाई नहीं रोकी जाती तो विदिशा वृत्त के समस्त अधिकारी सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार एवं आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में डीई करण सिंह दोहरे का कहना है कि काम में लापरवाही बरतने पर वरिष्ठ कार्यालय द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती पर रक्तदान शिविर संपन्न

# जनप्रतिनिधि मंच पर रहे आसीन आमजन ने किया 30 यूनिट रक्तदान








राजीव जैन सैनानी ⏭ सिरोंज

नगर पालिका परिषद द्वारा सुशासन सप्ताह के अंतर्गत नगर के बासौदा नाका पर आयोजित शिविर में अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती के उपलक्ष्य में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिविर में नपा अध्यक्ष सहित पार्षद गण व जनप्रतिनिधि के अलावा प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें। वही इस रक्तदान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियो व आम नागरिको ने बड-चढकर हिस्सा लिया और लगभग 30 नागरिको ने रक्तदान किया। लेकिन शिविर में किसी भी जनप्रतिनिधि रक्तदान नही किया।

कार्यक्रम के दौरान समस्त जनप्रतिनिधि मंच पर बैठे बैठे ही पूरे समय भाषणो में ही उलझें नजर आए। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में अपना रक्तदान कर आम नागरिको के लिए एक अच्छा संदेश दिया। लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जंयती के उपलक्ष्य मे कार्यक्रम के दौरान किसी भी जनप्रतिनिधि ने रक्तदान में हिस्सा नही लिया।

### जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान शिविर में नहीं दिखाई रुचि

अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती पर नगर के आम नागरिको व अधिकारियो ने तो रूची दिखाई। लेकिन भारतीय जनता पार्टी को सब कुछ देने वाले ऐसे महान नेता की जंयती पर किसी भी जनप्रतिनिधि ने रक्तदान शिविर में हिस्सा नही लिया। मंच पर बैठे नेताओं को देखकर ऐसा लग रहा था कि मानो यहा कोई रक्तदान शिविर आयोजित ही नही हुआ हो। जनप्रतिनिधि शिविर के शुभारंभ के समय से ही मंच पर बैठे नजर आए। वही जैसे ही शिविर का शुभांरभ हुआ तो कुछ नेता मंच पर भाजपा सरकार की उपलब्धिया व योजनाओं की जानकारी देकर बैठ गए और कुछ देर बाद चुपचाप वहा से उठकर चले गए।

### भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे अटल बिहारी वाजपेयी

*अटल बिहारी वाजपेयी भारत के दसवें प्रधानमन्त्री थे। उन्होंने प्रधानमंत्री का पद तीन बार संभाला है, वे पहले 13 दिन के लिए 16 मई 1996 से 1 जून 1996 तक। फिर लगातार 2 साशन; 8 महीने के लिए 19 मार्च 1998 से 13 अक्टूबर 1999 और फिर वापस 13 अक्टूबर 1999 से 22 मई 2004 तक भारत के प्रधानमन्त्री रहे। वे हिन्दी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। साथ ही भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में एक थे, और 1968 से 1973 तक उसके अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने लम्बे समय तक राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य (पत्र) और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत अनेक पत्र-पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया। वह चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे, लोकसभा, निचले सदन, दस बार, और दो बार राज्य सभा, ऊपरी सदन में चुने गए थे। उन्होंने लखनऊ के लिए संसद सदस्य के रूप में कार्य किया, 2009 तक उत्तर प्रदेश जब स्वास्थ्य सम्बन्धी चिन्ताओं के कारण सक्रिय राजनीति से सेवानिवृत्त हुए। अपना जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ करने वाले वाजपेयी राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन सरकार के पहले प्रधानमन्त्री थे, जिन्होंने गैर काँग्रेसी*

## विधानसभा क्षेत्र सिरोंज के ग्रामों का सघन दौरा शीघ्र

# कांग्रेस नेत्रियों का आरोप भाजपा सरकार में महिलाओं का अपमान और उत्पीड़न बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में शीघ्र ही सघन दौरा कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट सुहासिनी बोहतएवं महात्मा गांधी स्वच्छता प्रहरी संरक्षण कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वसुंधरा बोहत चंदेलिया ने संयुक्त रूप से दी। दोनों कांग्रेस नेत्रियों ने बताया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में क्षेत्र की स्थिति चिंताजनक हो गई है, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर जनता में भारी आक्रोश है। उन्होने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार और उसके स्थानीय विधायक तथा वन मंत्री द्वारा लगातार महिलाओं को अपमानित किया जा रहा है। सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना के तहत दिए जा रहे 1500 रुपये



को लेकर भाजपा नेताओं का रवैया महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि ₹1500 रुपये देकर भाजपा यह मान बैठी है कि महिलाओं को खरीद लिया गया है या वे उनकी पार्टी की कार्यकर्ता हैं।

यही नहीं, कई स्थानों पर महिलाओं को डराया-धमकाया जा रहा है, जिससे वे मानसिक आघात का शिकार हो रही हैं। इसी मानसिक उत्पीड़न और अपमानजनक व्यवहार के विरोध में पूर्व नेता प्रतिपक्ष जिला पंचायत सुभाषिनी बोहत एवं डॉ. वसुंधरा बोहत द्वारा विधानसभा क्षेत्र की माता-बहनों से सीधे संपर्क कर उनकी पीड़ा सुनी जाएगी। दोनों नेत्रियों ने स्पष्ट किया कि यह दौरा केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ होगा, जिसमें महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए संघर्ष किया जाएगा। इस सघन दौरा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी से शीघ्र चर्चा की जाएगी। साथ ही सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षगण, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं से संपर्क कर क्षेत्र स्तर पर सहयोग लिया जाएगा। दौरे के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता प्रत्येक ग्राम में साथ रहकर कार्यक्रम को जनआंदोलन का रूप देंगे।

## अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन




**सिरोंज।** सनराइज कान्वेंट स्कूल सियलपुर पथरिया में संस्कृति सामान्य ज्ञान परीक्षा वर्ष 2025 का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा 5 से कक्षा 8 तक के लगभग दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संस्कार,नैतिक मूल्यों का विकास एवं समरसता के भाव को जागृत करने के साथ साथ छात्र-छात्राओ को बीते हुए इतिहास एवं भौगोलिक ज्ञान से परिचित कराना है। संस्था प्राचार्य नीलेश प्रजापति ने बताया कि इस परीक्षा में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा एवं मेधावी छात्र-छात्रा को विशेष पुरस्कार एवं राशि से सम्मानित किया जाएगा।

## डा.सर हरी सिंह गौर को भारत रत्न दिया जाए

**सागर।** साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था काव्यायन एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ शाखा-सागर के संयुक्त तत्वाधान में मेडिकल कॉलेज के पास यशोदा पैलेस के हाल में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई, सागर के सिरमौर डाक्टर हरी सिंह गौर एवं महामना मदन मोहन मालवीय को संयुक्त रूप से स्मरण किया गया। जिसकी अध्यक्षता डा.दिवाकर सिंह राजपूत ने की मुख्य अतिथि सुरेंद्र राय सीहोरा एवं विशिष्ट अतिथि पी.आर.मलैया, पं.महेश दत्त त्रिपाठी, डॉ एम.एस.गौर रहे। इस कार्यक्रम का संचालन अमितआठिया ने किया साथ ही कार्यक्रम के आयोजक राम नरेश सिंह राजपूत ने उपस्थित अतिथियों के साथ मिलकर माता सरस्वती व तीनों दिवंगतों के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि दी। वृंदावन राय सरल ने सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। जिसमें पूरन सिंह राजपूत, पं.टीकाराम त्रिपाठी'रुद्र', रामनरेश सिंह राजपूत, आर.के.नामदेव, वृंदावन राय सरल, पं. महेश त्रिपाठी, पी.आर.मलैया, अमित आठिया, आयुष सिंह ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा.दिवाकर सिंह राजपूत ने तीनों विभूतियों पर संक्षिप्त विचार रखें साथ ही सुरेंद्र राय ने वक्तव्य दिया।

## सांसद खेल महोत्सव में सिरोंज के खिलाड़ियों ने फहराया परचम

# खेल हार और जीत नहीं, बल्कि जीवन निर्माण का माध्यमः सांसद वानखेड़े

**सिरोंज।** सांसद खेल महा महोत्सव में सिरोंज के खिलाडियों ने परचम फहराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन खिलाडियों का सांसद सदस्य सदस्य डॉ लता वानखेडे ने सम्मान किया। वही सिरोंज आगमन सभी खिलाडियो का जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सांसद डॉ लता वानखेडे ने इस ऐतिहासिक खेल महोत्सव पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें गिरना नहीं, बल्कि गिरकर उठना सिखाता है। मैदान में हार जाना असफलता नहीं है, असली हार तब होती है जब हम प्रयास करना छोड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि इस सांसद खेल महोत्सव में कोई हारने वाला नहीं है, यहां खड़े सभी खिलाड़ी भविष्य के विजेता हैं। उन्होंने संसदीय क्षेत्र के समस्त खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र की धरती ने अनेक ऐसे खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।



उन्होने कई खिलाडियो का उदाहरण देते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों ने यहीं से शुरुआत कर आज देश का नाम रोशन किया है। वही उन्होने खेल महाउत्सव के इतने भव्य, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होने खिलाडियो को संबोधित करते हुए उनके कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच एवं निरंतर प्रयासों से यह महाउत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच देने वाला सिद्ध हुआ, बल्कि युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अद्भुत संदेश भी लेकर आया। यह आयोजन क्षेत्र के खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

## नटेरन तहसील बनी अवैध रेत माफिया का सुरक्षित ठिकाना

# तहसील कार्यालय के सामने से दिनदहाड़े निकल रहीं रेत से भरी ट्रालियां, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन



नटेरन तहसील मुख्यालय इन दिनों अवैध रेत माफिया के लिए सुरक्षित अड्डा बनता नजर आ रहा है।

तहसील कार्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर काशीराम खेजड़ा घाट पर पनडुब्बी के माध्यम से खुलेआम लोकल रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि रेत से भरी दर्जनों ट्रालियां दिन-दहाड़े तहसील कार्यालय के ठीक सामने से बेरोकटोक गुजर रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बिना प्रशासनिक संरक्षण के इतना बड़ा अवैध कारोबार संभव नहीं है। जब रोजाना ट्रालियां तहसील कार्यालय के सामने से निकल रही हैं, तो अधिकारियों को जानकारी न होना अविश्वसनीय प्रतीत होता है। खनन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस और तहसील प्रशासन की निष्क्रियता प्रशासन की भूमिका को संदेह के घेरे में खड़ा कर रही है।

### जनता में पनप रहा आक्रोश, मांगा जवाब

स्थानीय लोगों में इस मामले को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि तहसील मुख्यालय के सामने अवैध खनन नहीं रोका जा सकता, तो ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। तहसीलदार आनंद जैन ने कहा कि रेत उत्खनन की परमीशन हमारे यहां से नहीं होती, यह खनिज विभाग का कार्य है। जानकारी मिली है, खनिज विभाग को सूचित कर कार्रवाई कराई जाएगी। अब देखना यह है कि प्रशासन इस अवैध रेत माफिया पर कब और कितनी सख्ती से लगाम लगाता है।

# 4 को बंगला घाट पर हिंदू सम्मेलन को लेकर निकाली झंडा यात्रा, भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नर्मदा बस्ती में प्रस्तावित विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को झंडा यात्रा एवं भूमि पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः रायपुरा विद्यालय चौराहा से झंडा यात्रा के रूप में हुई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकली। झंडा यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए और जयघोष के साथ पूरा क्षेत्र धर्ममय हो गया। यात्रा के उपरांत बंगला घाट पर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। आयोजन में समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं मातृशक्ति की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि सकल हिंदू समाज द्वारा 4 जनवरी 2026 को नर्मदा बस्ती में विशाल हिंदू



सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सम्मेलन की सफलता के लिए जनजागरूकता फैलाना एवं अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। जानकारी के अनुसार, सम्मेलन से पूर्व नर्मदा बस्ती के 14 मोहल्लों में भारत माता की महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा।

# सिरोंज आज बनेगा प्रदेश की पत्रकारिता का शक्तिकेंद्र

### राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मेलन में होगा सत्ता संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

सिरोंज में आज मध्यप्रदेश की पत्रकारिता के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रही है।

जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश (जंप) द्वारा यहां राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर से 500 से अधिक पत्रकारों के शामिल होने की संभावना है। इस आयोजन के साथ ही एक दिन के लिए सिरोंज प्रदेश की पत्रकारिता का शक्ति-केंद्र बन जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश सरकार के दो मंत्री, पांच विधायक एवं एक सांसद की उपस्थिति प्रस्तावित है। सत्ता, समाज और मीडिया के इस समागम को लोकतांत्रिक संवाद की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों को एक साझा मंच प्रदान कर उनके अधिकारों, दायित्वों एवं वर्तमान चुनौतियों पर गंभीर विमर्श करना है।

सम्मेलन को लेकर पत्रकारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पत्रकारों का सिरोंज पहुंचना संगठन की मजबूती और पत्रकारों की एकजुटता को दर्शाता है। आयोजन में जंप के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण सक्सेना की नेतृत्वकारी भूमिका अहम मानी जा रही है। उनके नेतृत्व में संगठन निरंतर पत्रकारों के हित में कार्य कर रहा है। यह सम्मेलन न केवल एक आयोजन, बल्कि भविष्य की पत्रकारिता की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगा।

## विनर्स ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**विदिशा।** 37वीं सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 दिसंबर तक सागर में किया गया, जिसमें विनर्स ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में क्लब के सचिव कृष्णा कुमार एवं कोच सोनम तोमर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। अभिनव खत्री ने –32 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वहीं पुमसे स्पर्धा में आराध्या यादव, धार्मिक सैनी एवं अभिनव खत्री ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर मध्यप्रदेश टीम के लिए चयन सुनिश्चित किया। वर्णिका सेन, मयंक रैकवार एवं आराध्या यादव ने रजत पदक, जबकि शांभवी प्रजापत एवं शिवा खत्री ने कांस्य पदक हासिल किया। पुमसे एवं फाइट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी आगामी 12 से 15 जनवरी को दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश टीम से भाग लेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन सहित ताइक्वांडो संघ ने शुभकामनाएं दीं।

## शिक्षा में सुधार के लिए 30 तक दें सुझाव

**विदिशा।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 के लिए शिक्षा सुधार हेतु सुझाव मांगे गए हैं। यह मौका है हमारे जिले के विद्यालयों को बेहतर बनाने, शिक्षण पद्धति को आधुनिक बनाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योगदान देने का। सुझाव ईमेल या व्हाट्सएप (7771008979) पर 30 दिसंबर तक भेजे जा सकते हैं।

# सांसद खेल महोत्सव 2025: कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन को लेकर जैन कॉलेज में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सांसद खेल महोत्सव 2025 के विधानसभा स्तरीय आयोजन की तैयारी के लिए एसएसएल जैन कॉलेज में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता विधायक मुकेश टंडन ने की। बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगामी आगमन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं और सतर्कता पर चर्चा की गई। विधायक मुकेश टंडन ने आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने जानकारी दी



कि क्रिकेट और कबड्डी के फाइनल मैच 28 दिसंबर को एसएसएल जैन कॉलेज के खेल मैदान पर आयोजित होंगे। यह मुकाबले विदिशा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों की विजेता टीमों के बीच होंगे। बैठक में विधायक मुकेश टंडन, जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओ.पी. सनोडिया, एसडीएम क्षितिज शर्मा, रक्षित निरीक्षक बीएस चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जाटव, जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत, जिला युवा अधिकारी आकांक्षा महावरिया समेत अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आयोजन की व्यापक तैयारियों पर विचार विमर्श किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन के साथ-साथ सांसद खेल महोत्सव 2025 का फाइनल मैच आयोजन सुचारु एवं भव्य रूप से संपन्न कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है।

## न्यायिक कार्य होंगे आसान, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

# शमशाबाद में नया न्यायालय भवन बनेगा



**शमशाबाद।** जगह का निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने लिया जायजा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

महानीम चौराह पर व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 के लिए नया सिविल न्यायालय भवन और न्यायाधीश आवास का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके लिए मोहनपुरा क्षेत्र में खसरा नंबर 137 पर 4 बीघा भूमि आवंटित की गई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एच.पी. वंशकार एवं एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने उक्त स्थल का निरीक्षण कर पहुंच मार्ग का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस न्यायालय भवन के बनने से शमशाबाद और आसपास के क्षेत्रवासियों को न्यायिक कार्यों में बड़ी सुविधा मिलेगी। अब क्षेत्र के लोगों को गंज बासौदा न्यायालय जाकर लंबा सफर तय करने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। महानीम चौराह पर न्यायालय बनने से सुबह 7 बजे से लेकर रात 10 बजे तक आवागमन की सुविधा भी मिलेगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार डॉ. दर्शनलाल नेगी और थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार भी मौजूद थे। न्यायालय भवन निर्माण की इस योजना से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है और वे न्यायालय की स्थापना से न्याय प्रक्रिया में सहजता की उम्मीद कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### चोरों ने श्रीहनुमान मंदिर को बनाया निशाना

**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे के बालमपुर चौराहा स्थित खेड़ापति श्री हनुमान मंदिर में बीती देर रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दान पेटी और एक चांदी का मुकुट लेकर रफू चक्कर हो गया। सुबह जब पुजारी और ग्रामीण पूजा करने पहुंचे तो मंदिर के गेट का ताला टूटा मिला। चोरी की सूचना पुलिस थाने पहुंचकर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया।

### पिकअप की टक्कर से बच्चों से भरी वैन पलटी

**रायसेन।** जिले के सुल्तानगंज में शुक्रवार को एक स्कूल वैन को पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूल वैन पलट गई। हादसे में एक शिक्षिका सहित 6 बच्चे घायल हो गए। घटना सुल्तानगंज-सिलवानी स्टेट हाईवे-15 पर बोरिया तिगड़ा के पास हुई। पुलिस ने बताया कि मारुति वैन पिपलिया खुर्द, शाहपुर और खमरिया कलां गांवों से श्री रामराजा गुरुकुल विद्यालय, पारस कॉन्वेंट स्कूल और शासकीय हाई स्कूल सुल्तानगंज के बच्चों को लेकर जा रही थी। तभी सुल्तानगंज की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने वैन को सामने से टक्कर मार दी। घायलों में शिक्षिका दुर्गेश यादव और छात्र-छात्राएं शांति, केशरी, संजना, रुचि, वसुंधरा तथा सुहानी शामिल हैं। हादसे की सूचना तत्काल पुलिस 112 डायल पर दी गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने पिकअप वाहन के चालक को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## सड़क किनारे खड़े वाहन बने बड़ी समस्या, बाजार में भारी वाहनों के प्रवेश से लग रहा जाम

# शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल, जाम से अवाम परेशान... अधिकारी बोले - जल्द ही सुधरेगी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ी हुई है। मुख्य मार्गों पर आए दिन जाम लग रहा है, जबकि यातायात पुलिस और आरटीओ विभाग शहर के बाहर कार्रवाई करने में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं।

सागर मार्ग पर बैंकों के पास वाहन पार्किंग न होने से बैंक आने वाले लोग अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते है। वहीं भोपाल मार्ग पर भी वर्तमान में ट्रैक्टर-ट्रालियों का भारी संख्या में आवागमन बना हुआ है। यहीं हालात सांची मार्ग के भी बने हुए है, जहां सब्जी बेंचने वाले ठेलों एवं अन्य दुकानें सड़क किनारे ही सजी हुई है। शहर के तीनों मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती रहती है। मुख्य बाजार में पार्किंग व्यवस्था न होने से लोग सड़क किनारे ही वाहन खड़ा करते हैं, जिससे रास्ता बेहद संकरा हो जाता है और ट्रैफिक जाम लग जाता है।

### शहर के बाहर हो रही कार्रवाई

इसी बीच गुरूवार-शुक्रवार को यातायात पुलिस और आरटीओ विभाग ने शहर से बाहर रतनपुर जोड़, टोल टैक्स के पास संस्कार स्कूल के सामने संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान ओवरलोडिंग, सीट बेल्ट न लगाने और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर चालान काटे गए। बसों में आपातकालीन खिड़की न मिलने पर 5 हजार तक का जुर्माना किया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों ने वाहन चालकों को सुरक्षा नियमों और 'राहवीर योजना' की जानकारी भी दी। छात्रों को भी ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया गया।



### बड़े वाहनों को रोकने लगाए बैरिकेड

◆ सागर रोड़ स्थित पाटनदेव पर बैरियर और स्टॉपर लगाकर बड़े वाहनों को रोकने के लिए बैरिकेड तो लगाए गए हैं, लेकिन वहां ट्रैफिक पुलिस कर्मी की तैनाती न होने से लोग बैरिकेड के पास से ही बड़े वाहन निकाल लेते हैं। बैरिकेड शोपीस बनकर रह गए हैं। नगर पालिका ने रामलीला गेट के समीप मार्केट के समीप पार्किंग की जगह तय की है, लेकिन रामलीला मेला लगने से इसका लाभ वाहन चालकों को अभी तक नहीं मिल पाया है।



### सड़क के गड्ढों से हो रही दुर्घटनाएं

◆ शहर की मुख्य सड़क पर दिन भर में सैकड़ों की संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। इस कारण टायर गर्म हो जाने से उनमें गिट्टी आदि लगने से टायर फटने के साथ पंचर हो जाते हैं। इसके अलावा गड्ढों से वाहनों के गुजरने के कारण कई बार दो पहिया वाहनों के पीछे बैठी सवारियां अनबैलेंस होने के कारण गिरकर घायल हो जाती हैं। लोगों का कहना है कि शहर में सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों को बाइपास कर निकाला जाए।

### बायपास से निकाल रहे ट्रैक्टर ट्राली

भारी वाहनों के शहर की मुख्य सड़कों से गुजरने के कारण आए दिन जाम के हालत बन जाते हैं। हालांकि एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस नींद से जागा और मंडी आने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों को बायपास से वाहन निकालने के लिए कमर कस ली है। फिर भी कुछ किसान मनमानी करते हुए जबरन बीच शहर से धान की ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर घुस जाते हैं, जिससे जाम के हालात बन जाते हैं।

### मुख्य मार्ग किनारे सजी दुकानें

शहर के मुख्य सड़कों पर दोनों तरफ फुटपाथ पर चूड़ी वाले, मटके वाले, सब्जी वाले, फल विक्रेता, कपड़ा विक्रेता, चाट वालों के सहित कई दुकानें सजी रहती है।

### बढ़ाई जाएगी चलानी कार्रवाई

शहर में दुर्घटनाओं को रोकने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सिर्फ महामाया चौक को छोड़कर पार्किंग की असुविधा है। बड़े वाहनों की एंट्री सीमित कराने के साथ चालानी कार्रवाई बढ़ाई जाएगी। **- लता मालवीय,** यातायात प्रभारी।

### बढ़ाई जाएगी चलानी कार्रवाई

प्रशासन के निर्देश पर संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। हेलमेट और अन्य सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर जागरूकता और कार्रवाई दोनों जारी रहेंगी। **- जगदीश सिंह भील,** आरटीओ।

### ट्रैफिक सुधार पर क्या बोले लोग

#### बड़े वाहनों के प्रवेश पर पुलिस दें ध्यान

बड़े और भारी वाहनों की नो एंट्री के समय प्रवेश पर पुलिस जवानों को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। अगर बड़े वाहन प्रवेश करते हैं तो उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाना चाहिए। तभी यातायात सिस्टम में कुछ हद तक सुधार लाया जा सकता है।



दीपक राठौर, दुकान संचालक

#### ट्राफिक पॉइंट पर जवान तैनात रहे

शहर में निर्धारित ट्रैफिक पॉइंट पर पुलिस जवानों को हमेशा मुश्तेदी से तैनात रहना चाहिए। अक्सर देखने में आता है कि पॉइंट से जवान घंटों गायब रहते हैं। इस वजह से भी बार-बार जाम के हालात बनते हैं। इसमें सुधार होना चाहिए।



राजू कुशवाहा, शिक्षक

#### सड़क किनारे खड़े वाहनों पर हो कार्रवाई

नगर की प्रमुख सड़कों पर वाहन मालिक मनमानी करते हैं। कहीं भी बेरोकटोक वाहनों को सड़क किनारे खड़े कर घंटों गायब रहते हैं। जिससे जाम की हालात बने रहते हैं।



बंटी (मनीष) माहेश्वरी, व्यापारी

#### वाहनों की पार्किंग संख्या बढ़ाई जाए

शहर में बढ़ते वाहनों के दबाव की वजह से बार बार जाम लगने से ट्रैफिक व्यवस्था लड़खड़ा जाती है। अन्य जगहों पर भी वाहन पार्किंग प्वाइंट बढ़ाए जाएं।



विक्रम चक्रवर्ती शहरवासी

## विद्यार्थियों ने चौकी का किया भ्रमण, देखी पुलिस की कार्य प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

शुक्रवार को पीएमश्री माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने पुलिस चौकी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने विद्यार्थियों को चौकी की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। पुलिस ने लॉकअप, अभिलेख कक्ष सहित चौकी में होने वाले कार्यों की जानकारी दी। वहीं



सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया पर सावधानियां तथा बाल अपराध से संबंधित कानूनों की विस्तार से जानकारी दी गई।

पुलिस ने बच्चों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह भी दी।

## कलेक्टर ने लापरवाह चिकित्सा अधिकारियों को थमाए नोटिस

### कलेक्ट्रेट में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने जिले में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और अनमोल 2.0 की प्रगति, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, एनआरसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, कायाकल्प, आयुष्मान सहित विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने सांची बीपीएम अंजू बेलवंशी को एएनसी रजिस्ट्रेशन कार्य और नॉन कम्यूनिकेबल डिसीज की मॉनीटरिंग में उदासीनता बरतने पर पृथक-पृथक नोटिस जारी करने सीएमएचओ को निर्देश दिए।

इसी प्रकार औबेदुल्लागंज बीएमओ डॉ धर्मेन्द्र गौड को कार्य में लापरवाही बरतने पर भी नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी फील्ड पर जाएं और अधीनस्थ या मैदानी अमले के साथ बैठक कर कमियों को दूर कर मरीजों को बेहतर उपचार और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी 15 दिवस में सभी कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए पूरी गंभीरता और निष्ठा से कार्यो को सम्पादित करें और सीएमएचओ 15 दिवस उपरांत टीएल बैठक में इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

सिलवानी विकासखण्ड में सर्वाधिक चार मातृ मृत्यु होने पर कलेक्टर ने सिलवानी बीसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### ज्ञापन में कहा- विधायक माफी मांगे

## सीएम पर टिप्पणी से नाराज यादव समाज, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

कांग्रेस विधायक और जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल के बयान से सियासत गरमा गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लेकर की गई टिप्पणी से नाराज यादव समाज ने विरोध जताया। समाज ने राज्यपाल के नाम तहसील कार्यालय पहुंच कर शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि 21 दिसंबर को रायसेन की एक सभा में मुख्यमंत्री एवं यादव समाज के गौरव डॉ. मोहन यादव के खिलाफ असंसदीय भाषा का प्रयोग करते हुए पर्ची वाला मुख्यमंत्री कहा है। जो कि गैर मर्यादित है। यह सर्वविदित है कि मोहन यादव का चुनाव



लोकतांत्रिक प्रक्रिया से विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ है। चूंकि मुख्यमंत्री यादव समाज के गौरव होने के साथ प्रदेश की जनता के प्रतिनिधि हैं, उन पर इस तरह के बयान से यादव समाज आहत हैं।

यादव समाज ने कहा विधायक अपने अमर्यादित बयान पर सार्वजनिक माफी मांगें। माफी नहीं मिलने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

### वैध रजिस्ट्री, पूरे दस्तावेज फिर भी नहीं मिला जमीन का कब्जा, पीड़ित ने प्रशासनिक अधिकारियों पर उठाए लापरवाही बरतने के सवाल

## अपनी ही जमीन पर कब्जे के लिए 13 साल से भटक रहा आदिवासी परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तहसील क्षेत्र के आदिवासी ग्राम सेमरा खास में एक आदिवासी परिवार पिछले 13 वर्षों से न्याय के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है। जमीन की विधिवत रजिस्ट्री, नामांतरण और सभी वैध दस्तावेज होने के बावजूद आज तक परिवार को अपनी ही खरीदी हुई जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया है।

पीड़ित फूल सिंह ने बताया कि वर्ष 2012 में उन्होंने लगभग 5 लाख रुपए में 5 एकड़ कृषि भूमि खरीदी थी। भविष्य सुरक्षित करने की उम्मीद में खरीदी यह जमीन आज उनके लिए संघर्ष और पीड़ा का कारण बन गई है।

फूल सिंह का आरोप है कि महुआखेड़ा ग्राम के निवासी कोदू लाल ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है, वह उन्हें खेत में प्रवेश करने से रोकता है। जब भी परिवार अपनी जमीन पर जाने की कोशिश करता है,



तो डराया-धमकाया जाता है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन और राजस्व विभाग ने वर्षों से आंखें मूंद रखी हैं।

पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने तहसील कार्यालय, राजस्व विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित आवेदन दिए। सीएम हेल्पलाइन तक शिकायतें पहुंचाई गईं, लेकिन हर बार फाइलें आगे बढ़ने के बजाय ठंडे बस्ते में डाल दी गईं। परिवार का आरोप है कि अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि परिवार पढ़ा-लिखा नहीं होने का फायदा उठाकर दबंगों ने जमीन पर कब्जा बनाए रखा और अफसरों की निष्क्रियता ने उन्हें संरक्षण दे दिया। जमीन होते हुए भी परिवार आज मजदूरी पर निर्भर होकर जीवन यापन करने मजबूर है।

#### बटान का आवेदन प्राप्त हुआ है

प्रकरण में बटान कराने का आवेदन प्राप्त हुआ है। बटान पश्चात सीमांकन तथा आगे की कार्रवाही की जाएगी। **- हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिलवानी।

#### पीड़ित आदिवासी परिवार कर रहा निष्पक्ष जांच की मांग

◆ उक्त आदिवासी परिवार की खेती ही आजीविका का एकमात्र साधन थी। जमीन के कब्जे से वंचित होने के कारण आर्थिक हालत दिन-व-दिन खराब होती जा रही है। यह मामला अकेला नहीं बताया जा रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे अनेक उदाहरण सामने आते रहे हैं, जहां कमजोर, गरीब और आदिवासी परिवारों की जमीन पर प्रभावशाली लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है।

अब पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से स्पष्ट मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर तत्काल जमीन का वैधानिक कब्जा दिलाया जाए और लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। यह मामला प्रशासन के लिए सिर्फ एक फाइल नहीं, बल्कि व्यवस्था पर उठता एक गंभीर सवाल बन चुका है।

### श्रीरामलीला में श्रीराम भरत मिलाप की मार्मिक लीला का हुआ मंचन

**रायसेन।** शहर में चल रही वार्षिक श्रीरामलीला प्रसंग में शुक्रवार को राम-भरत मिलाप रामलीला मैदानी मंचन का कलाकारों द्वारा एक भावुक प्रसंग का मार्मिक प्रसंग को देखकर दर्शकों की आँखें भर आईं। रामलीला संचालन समिति के प्रमुख पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने बताया कि जहाँ वनवास के दौरान भरत, राम से मिलने चित्रकूट जाते हैं, पिता राजा दशरथ के निधन का समाचार सुनाते हैं और उन्हें अयोध्या लौटने का आग्रह करते हैं; राम पिता की आज्ञा का पालन करते हुए मना कर देते हैं और भरत को अपनी चरण पादुका सौंपते हैं। वहीं श्रीराम सहज भाव से माता कैकयी सहित दोनों माताओं से मुलाकात करते हैं। रामजी की चरण पादुकाएं सिर पर लेकर भरत अयोध्या लौट आते हैं।

### सकल हिन्दू सम्मेलन को लेकर चल रही विभिन्न गतिविधियां

## हिंदू सम्मेलन जागरूकता के लिए निकाली भगवा ध्वजयात्रा

### आगामी 4 जनवरी को नगर में होने वाले हिंदू सम्मेलन की चल रही व्यापक तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नए वर्ष 2026 में 4 जनवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में थाना मैदान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इसके लिए पिछले दिनों भूमि पूजन और बाइक रैली भी निकाली जा चुकी है। शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन की जागरूकता के लिए सकल हिंदू समाज हिंदू संगठनों द्वारा नगर में भगवा ध्वज यात्रा निकाली गई।

4 जनवरी को नगर में होने वाले हिंदू सम्मेलन की नगर में व्यापक तैयारियां चल रही हैं। संपर्क प्रचार अभियान के साथ जागरूकता के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं हिंदू संगठनों द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को कॉलेज रोड स्थित मानस सत्संग



भवन से भगवा ध्वज यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग पर निकाली गई भगवा यात्रा का 4 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन स्थल थाना मैदान में समापन हुआ। भगवा ध्वज यात्रा में राधेश्याम पालीवाल, दिलीप राठौड़, अवनीश पालीवाल, राधा मोहन व्यास, ओंकार धाकड़, शारदा सराठे, राजेश साहू, अजय शर्मा, किशोर सिंह ठाकुर, वीरेंद्र भावसार, दिलीप शर्मा, राजेंद्र ज्योतिषी, अनिल तिवारी, संजय शर्मा सहित प्रमुख कार्यकर्ताओं की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

### हिंदू सम्मेलनों को लेकर मातृशक्ति द्वारा निकाली विशाल प्रभात फेरी

**रायसेन।** आगामी 10 जनवरी को मुखर्जी नगर बस्ती में होने वाले विशाल सकल हिंदू समाज सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है। इसी क्रम में शुक्रवार को सुबह मातृ शक्ति द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जो मुखर्जी नगर शाखा ग्राउंड से शुरू होकर पटेल नगर संस्कार विहार कॉलोनी अवंतिका कॉलोनी, मुखर्जी नगर से होती हुई शाखा ग्राउंड वापस पहुंची। आगामी सकल हिंदू समाज द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें सकल हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की गई। संपर्क अभियान जारी है। लोगों में हिंदू सम्मेलन को लेकर काफी उत्सुकता है।



### हिंदू सम्मेलन की तैयारियों का शुभारंभ, किया भूमिपूजन

**सांची।** सकल हिंदू समाज के कार्यालय का ग्राम रतनपुर गिरधारी में उद्घाटन किया। गुरुवार से प्रारंभ हुआ सकल हिंदू समाज के सम्मेलन शुभारंभ किया जा चुका है। यह सम्मेलन 4 जनवरी 2026 तक चलेगा। 28 दिसंबर को भगवा ध्वजा के साथ कई हजारों लोगों के साथ भव्य रैली निकल जाएगी। इस रैली का एक ही उद्देश्य है सकल हिंदू समाज एकजुट होकर रहे और देश को आगे बढ़ाने में समर्थन करें। इसके बाद रतनपुर गिरधारी में भूमि पूजन का आयोजन भी किया जाएगा। वहीं 4 जनवरी को इस भव्य कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सकल हिंदू समाज के लोगों ने सर्व हिंदू समाज से इस भव्य आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### स्व. अटल जी को श्रद्धा सुमन किए अर्पित

## भाजपा कार्यालय शिवाजी सेवा सदन में भारत रत्न अटल जी की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न प्रखर वक्ता विचारक कवि पंडित अटल बिहारी वाजपेई की 101 वी जयंती मनाने भाजपा कार्यालय शिवाजी सेवा सदन में कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन हुआ।

#### दीप जलाए श्रद्धा सुमन कीये अर्पित -

जनसंघ और भाजपा के पितृ पुरुष स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती कार्यक्रम के दौरान भाजपा के नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा अटल जी के चित्र पर पुष्प रूपी श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। चित्र के समक्ष दीप जलाकर स्मरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला



उपाध्यक्ष योगेश पटेल, जिला महामंत्री केशव पटेल, सह कोषाध्यक्ष अवनीश पालीवाल, मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, हरि चरण धारीवा, शारदा सराठे, रामनारायण शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अटल जी के व्यक्तित्व और आदर्श नैतिकता पूर्ण राजनीतिक जीवन यात्रा के संबंध में विचार व्यक्त कर अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेने का वक्ताओं ने आग्रह किया।